No. of Printed Pages/Questions: 10/17

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

SAMPLE QUESTION PAPER

Annual Examination - (2022 – 2023)

Class: VIII MM: 80

Subject: Hindi Time: 3.15Hrs.

Name: _____ Class / Section: _____ Roll No.:_____

Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.

General Instructions:

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं– 'क' और 'ख'। खण्ड–क में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खण्ड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्नप्रत्र के दोनों खण्डों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खण्ड–क में कुल 10 वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खण्ड–ख में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड 'क' (वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

संसार में अमरता ऐसे लोगों को मिलती है, जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। बहुधा यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या ग़रीब परिवार में ही होता है। इस तरह के लोगों का पालन–पोषण साधारण परिवार में होता है और वे सादा जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं। मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट, सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उनके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति को अहंकारहीन या सादा–सरल बनाते हैं। सादा जीवन या सादगी का अर्थ है, रहन–सहन, वेशभूषा और आचार–विचार का एक निर्दिष्ट स्तर। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से अनुकरणीय है, प्रथम कठिन–से–कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है, उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने देता। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देना चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज़ नहीं है।

महात्मा गांधी सादा जीवन पसंद करते थे और हाथ के कते और बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे, किंतु अपने उच्च विचारों के कारण वे संसार में वंदनीय हो गए।

क महापुरुष प्रायः कैसे परिवार में जन्म लेते हैं ?

अ ग़रीब परिवार में ब मध्यवर्गीय परिवार में

स 'अ' और 'ब' दोनों विकल्प सही है द उच्चवर्गीय परिवार में

ख कौन–सा गुण व्यक्ति को अहंकारहीन बनाता है ?

अ विनय ब साहस

स उदारता द उपर्युक्त सभी

ग जीवन को सरल और सादा बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

अ ईर्ष्या–द्वेष का परित्याग

ब सांसारिक मोहमाया से मुक्ति

स कठिन–से–कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य न छोड़ना

द अपनी आवश्यकताओं को अधिकतम बनाए रखना

घ व्यक्ति की सच्ची पहचान किससे होती है ?

अ उसके रहन–सहन के ढंग से ब उसकी भाषा से

स उसके विचारों और करनी से द उसके सामाजिक स्तर से

ङ प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है–

अ सादा जीवन उच्च विचार ब मनुष्य की विचारधारा

स जीवन का रहस्य द सामाजिक स्थिति का निर्धारण

प्र0 2 निम्नलिखित दो पद्यांशों में से <u>किसी एक</u> पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

इंद्रदेवता कोटर में तोते से आकर यूँ बोले।
'सब' पक्षी उड़ गए यहाँ से तुमने पंख न खोले।
रहने लायक हरे वृक्ष देखो हैं कितने इस वन में ?
सूख गया वट वृक्ष गिरेगा, सोच रहे हो क्या मन में ?
तोता बोला, इंद्रदेव ! मैंने कोटर में जन्म लिया।
वट के फल खाए, इसने रक्षा की, सम्मान दिया।
सुख संपत्ति के साथ ही, विपदा आए करें किनारा।
देवराज ! अब स्वयं बताओ क्या कर्तव्य हमारा ?
इंद्र हुए खुश, बोले, 'प्रिय ! जो माँगो वह वरदान मिले'
तोता बोला, 'देव ! कृपा से हरा–भरा यह ठूँठ खिले।।
'तथास्तु' कहकर देवराज फिर दिए न कहीं दिखाई।।
हरा–भरा वह वृक्ष हुआ फिर हरियाली लौट आई।।
जननी जन्मभूमि की खातिर सुन लें मन बलिदानी।
मन–प्राणों में जगी रहे, तोते की यह अमर कहानी।।

1 इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–
कथन पढकर सही विकल्प का चयन कीजिए–
कथन

(i) मातृभूमि से सदैव लगाव बनाकर रखना चाहिए।

(ii) प्रकृति और पेड़–पौधों से निकटता रखनी चाहिए।

(iii) मातृभूमि का साथ दुख पड़ने पर भी नहीं छोड़ना चाहिए।

(iv) पशु–पक्षियों से उनका घर कभी नहीं छीनना चाहिए।

विकल्प

(क) कथन (i) व (ii) सही है।

(ख) कथन (ii) व (iii)सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iv) सही हैं।

(घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

2 तोते ने जन्म लिया था–

(क) नीम के कोटर में

(ख) बरगद के कोटर में

(ग) आम के कोटर में

(घ) पीपल के कोटर में

3 इंद्र देव खुश हुए–

(क) सूखे पेड़ को देखकर

(ख) वट के प्रति तोते के लगाव को जानकर

(ग) तोते के पंखों को देखकर

(घ) अन्य हरे–भरे पेड़ों को देखकर

4 कविता में तोता प्रतीक है, ऐसे व्यक्ति का जो–

(क) जन्मभूमि से स्वार्थ का लगाव रखता है।

(ख) जन्मभूमि के आपातकाल के क्षणों में किनारा करता है।

(ग) जन्मभूमि के दुख के क्षणों में भी साथ रहता है।

(घ) स्वार्थ पूरा होने पर साथ छोड़ देता है।

5 कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) तोते की कहानी सदा–सदा के लिए मन में बसा लेनी चाहिए।

कारण (R) तोते ने सूखे पेड़ को हरा–भरा करवा दिया।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

अथवा

पुरानी होने पर
सभी चीज़ें बदल जाती हैं
दरवाज़ों पर लटके परदे
शरीर पर पहने कपड़े
ड्राइंग रूम में रखा फर्नीचर–
कहने का मतलब है
क्यों छोड़ नहीं पाता वह
अपने अंदर की
सड़ी–गली वासनाएँ ?
क्यों फेंक नहीं देता वह
उस जानवर को
जो युगों से बैठा है उसके अंदर ?

मनुष्य हर पुरानी चीज़
बदल देता है।
नवीनता मनुष्य को प्रिय है।
परंतु मैं समझ नहीं पाता
हर पुरानी चीज़ से
नफ़रत करने वाला आदमी
क्यों नफ़रत नहीं करता–
पुराने सड़े–गले विचारों से ?
नफ़रत के ज़हर को त्याग कर
क्यों नहीं वह चख लेता
प्यार का थोड़ा–सा अमृत।

1 इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे ही विकल्प चुनिए–

कथन

(i) निराश दृष्टिकोण को त्याग कर आशावादिता की अनुभूति।

(ii) घृणा का परित्याग एवं प्रेमभाव की स्वीकृति।

(iii) अकर्मण्यता से मुक्ति और नवीन ऊर्जा की प्राप्ति।

(iv) मानवता के प्रतीकों का सम्मान।

विकल्प

(क) कथन (ii) सही है। (ख) कथन (i) व (iii)सही हैं।

(ग) कथन (i), (iii) व (iv) सही हैं। (घ) कथन (i), (ii), (iii) व (iv) सही हैं।

2 पुरानी होने पर सभी चीज़ें बदल जाती हैं, क्योंकि–

(क) मनुष्य का उनसे मन भर जाता है (ख) वे उसके आकर्षण का केंद्र नहीं रहती।

(ग) नवीनता मनुष्य को प्रिय होती है (घ) नई वस्तु अधिक सुखद होती है।

3 कवि किससे नफरत करने के लिए कह रहा है ?

(क) अनुपयोगी रीति–रिवाज़ों से (ख) समाज में प्रचलित अंधविश्वासों से

(ग) पुराने सड़े–गले विचारों से (घ) पुरानेपन से

4 घृणा का विष दूर हो सकता है–

(क) सामाजिक एकता से (ख) भेदभाव भुलाने से

(ग) प्यार के अमृत से (घ) सड़े–गले विचार त्यागने से

5 युवावस्था हमें सिखाती है कि–

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए

कथन

(i) पुराने परदे, कपड़े, फर्नीचर आदि बदल देने चाहिए।

(ii) जानवरों को अपने निकट नहीं आने देना चाहिए।

(iii) मनुष्य को नफरत का ज़हर त्याग देना चाहिए।

(iv) मनुष्य को अप्रासंगिक एवं पुराने हो चुके विचारों को त्याग देना चाहिए।

विकल्प

(क) कथन (i) व (ii) सही है। (ख) कथन (i) व (iv)सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iii) सही हैं। (घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

प्र0 3 निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) 'कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाणी।' पंक्ति में निहित अलंकार है–

(क) रूपक (ख) यमक

(ग) श्लेष (घ) अनुप्रास

(2) 'या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरान धरौंगी।' पंक्ति में निहित अलंकार है–

(क) रूपक (ख) श्लेष

(ग) अनुप्रास (घ) यमक

(3) 'अंबर–पनघट में डुबो रही, तारा–घट ऊषा–नागरी' – पंक्ति में निहित अलंकार है–

(क) यमक (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) रूपक (घ) अनुप्रास

(4) 'नीलगगन–सा शांत हृदय हो रहा'– पंक्ति में निहित अलंकार है–

(क) मानवीकरण (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) अतिश्योक्ति (घ) उपमा

(5) 'पीपर पात सरिस मन डोला' रेखांकित पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

(क) रूपक (ख) उपमा

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष

प्र0 4 निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) इनमें से कर्मवाच्य का उदाहरण है–

(क) अब उससे तेज़ नहीं चला जाता। (ख) क्रांतिकारी द्वारा हथियार उठा लिया गया।

(ग) क्रांतिकारी हथियार उठा लेते हैं। (घ) इस क्रांतिकारी ने हथियार उठा लिया।

(2) इनमें से कर्तृवाच्य का उदाहरण है–

(क) चलो, अब विद्यालय चलते हैं। (ख) चलो, अब विद्यालय चला जाए।

(ग) हिंदी के बाद अब अंग्रेज़ी पढ़ी जाए। (घ) छात्रों द्वारा फ्रेंच पढ़ ली गई है।

(3) 'कमज़ोरी के कारण उससे चला नहीं जाता है।' इसका कर्तृवाच्य होगा–

(क) कमज़ोरी के कारण वह चल नहीं सकेगा।

(ख) कमज़ोरी के कारण वह चल नहीं पाता है।

(ग) कमज़ोरी के कारण वह अब नहीं चल पाएगा।

(घ) कमज़ोरी के कारण उसके द्वारा चला नहीं जाएगा।

(4) इनमें कर्मवाच्य का उदाहरण है–

(क) मरीज से गर्म खाना नहीं खाया जाता। (ख) मरीज गर्म खाना नहीं खा सकता।

(ग) हाथी तेज़ नहीं चल सकता। (घ) कमला से पैदल नहीं चला जाता।

(5) इनमें कर्तृवाच्य का उदाहरण है–

(क) वंशिता द्वारा पत्र लिखा जाता है। (ख) कवि द्वारा कविताएँ पढ़ी गई।

(ग) मरीज से चला नहीं जाता। (घ) मरीज पैदल नहीं चल सकता है।

प्र0 5 निर्देशानुसार वाक्य पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) 'न तो अनामिका अंग्रेज़ी पढ़ सकी और न ही दीपिका।' इसका सरल वाक्य होगा।

(क) अनामिका और दीपिका दोनों ही अंग्रेज़ी न पढ़ सकीं।

(ख) अनामिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी और दीपिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी।

(ग) यद्यपि अनामिका और दीपिका अंग्रेज़ी पढ़ सकती थीं, फिर भी न पढ़ सकीं।

(घ) चूँकि अनामिका अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी इसलिए दीपिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी।

(2) 'वर्षा होते ही धरती पर हरियाली छा जाती है।' इसका संयुक्त वाक्य होगा–

(क) वर्षा होने पर धरती पर हरियाली छा जाती है।

(ख) वर्षा होती है और धरती पर हरियाली छा जाती है।

(ग) जब वर्षा होती है, तब धरती पर हरियाली छा जाती है।

(घ) क्योंकि वर्षा होती है, इसलिए धरती पर हरियाली छा जाती है।

(3) 'गांधी जी की पुकार पर देशवासी इकट्ठे हो गए।' इसका मिश्र वाक्य होगा–

(क) गांधी जी के पुकारते ही देशवासी इकट्ठे हो गए।

(ख) गांधी जी ने पुकारा और देशवासी इकट्ठे हो गए।

(ग) गांधी जी ने आवाज़ उठाई तो देशवासी इकट्ठे हो गए।

(घ) जब गांधी जी ने आवाज़ उठाई, तब देशवासी इकट्ठे हो गए।

(4) 'निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए–

(क) चोर कह सकता था कि उसने चोरी नहीं की है।

(ख) यदि चोर अपना पक्ष रखता तो अवश्य निर्दोष सिद्ध होता।

(ग) जब चोर ने चोरी की ही नही ंतब उसे दंड क्यों मिलेगा।

(घ) चूँकि चोरी किसी और ने की है इसलिए उसे यह दोष नहीं स्वीकारना चाहिए।

विकल्प

(क) केवल कथन (i) सही है। (ख) कथन (ii) व (iii)सही हैं।

(ग) कथन (iii) व (iv) सही हैं। (घ) कथन (i), (ii), (iii) व (iv) सही हैं।

(5) अर्थ के आधार पर वाक्यों की संख्या है–

(क) 6 (ख) 7

(ग) 5 (घ) 8

प्र0 6 निर्देशानुसार पद–परिचय पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) 'कुछ लोगों में अब भी <u>मनुष्यता</u> बाकी है।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–

(क) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(ग) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक

(घ) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक

(2) 'यह स्कूल का सबसे <u>योग्य</u> छात्र है।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–

(क) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य– स्कूल

(ख) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य– स्कूल

(ग) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, विशेष्य– छात्र

(घ) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य– छात्र

(3) 'अध्यापक ने मेरी बातें <u>ध्यान</u> से सुनी।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–

(क) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य–सुनी

(ख) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य–सुनी

(ग) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'सुनी' क्रिया की विशेषता बताने वाला

(घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'सुनी' क्रिया की विशेषता बताने वाला

(4) 'बच्चे बगीचे में क्रिकेट खेल रहे थे।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–

(क) अकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्तृवाच्य

(ख) सकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्मवाच्य

(ग) सकर्मक क्रिया, पूर्ण भूतकाल, कर्मवाच्य

(घ) सकर्मक क्रिया, अपूर्ण भूतकाल, कर्तृवाच्य

(5) 'यह देश वीरों का है।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–

(क) संकेतवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग

(ख) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग

(ग) सर्वनाम (निश्चयवाचक) बहुवचन, पुल्लिंग

(घ) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य–देश

प्र0 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

सवाक् सिनेमा के नए दौर की शुरुआत कराने वाले निर्माता–निर्देशक अर्देशिर इतने विनम्र थे कि जब 1956 में 'आलमआरा' के प्रदर्शन के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर उन्हें सम्मानित किया गया और उन्हें 'भारतीय सवाक् फिल्मों का पिता' कहा गया तो उन्होंने उस मौके पर कहा था, ''मुझे इतना बड़ा खिताब देने की ज़रूरत नहीं है। मैंने तो देश के लिए अपने हिस्से का ज़रूरी योगदान दिया है।'' जब पहली बार सिनेमा ने बोलना सीख लिया, सिनेमा में काम करने के लिए पढ़े–लिखे अभिनेता–अभिनेत्रियों की ज़रूरत भी शुरु हुई क्योंकि अब हिंदी अथवा उर्दू में संवाद भी बोलने थे, सिर्फ़ अभिनय से काम नहीं चलनेवाला था। मूक फ़िल्मों के दौर में तो पहलवान जैसे शरीर वाले, स्टंट करने वाले और उछल–कूद करने वाले अभिनेताओं से काम चल जाया करता था।

(1) सवाक् फ़िल्म की शुरुआत करने वाले पहले निर्माता–निर्देशक कौन थे ?

(क) विट्ठल (ख) सोहराब मोदी

(ग) अर्देशिर एम0 ईरानी (घ) पृथ्वी राज कपूर

(2) नए दौर की शुरुआत करने वाले ने कौन–सी फ़िल्म बनाकर इस युग की शुरुआत की ?

(क) आलमसारा (ख) आलम आरा

(ग) जहाँ मारा (घ) आलम मारा

(3) 'सवाक् फ़िल्मों' में कैसे कलाकारों की आवश्यकता थी ?

(क) सुंदर (ख) पढ़े–लिखे

(ग) बलिष्ठ (घ) अनपढ़

(4) सवाक् फ़िल्मों में कलाकारों को अभिनय के अलावा और कौन–सा काम करना पड़ता था ?

(क) नृत्य (ख) वादन

(ग) संवाद बोलना (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) सवाक् फिल्मों के युग में किस भाषा का महत्त्व बढ़ा ?

(क) हिंदी (ख) उर्दू

(ग) हिंदी और उर्दू (घ) तमिल

प्र0 8 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2=2)

(1) 'कामचोर' कहानी के अनुसार नल का पानी बरतन में क्यों नहीं जा रहा था ?

(क) नल में सप्लाई पानी नहीं आने के कारण (ख) बरतन में छेद होने के कारण

(ग) धक्का–मुक्की के कारण (घ) आपस में धक्का–मुक्की होने के कारण

(2) साइकिल चलाने वाली महिलाओं ने साइकिल चलाने को क्या बताया ?

(क) व्यक्तिगत आज़ादी (ख) अच्छा अनुभव

(ग) नवसाक्षर होना (घ) सभी के बीच सीधा संबंध

प्र0 9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।

दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि–ढँढ़ोरि आपही आयौ।

खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध–दही सब सखनि खवायौ।

ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।

दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ।

सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

(1) 'तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।' यह शिकायत किसने, किससे और किसके बारे में की ?

(क) यह शिकायत कृष्ण जी ने गोपियों के बारे में यशोदा जी से की।

(ख) यह शिकायत यशोदा ने गोपियों के बारे में कृष्ण जी से की।

(ग) यह शिकायत गोपियों ने कृष्ण जी के बारे में यशोदा जी से की।

(घ) यह शिकायत पड़ोसियों ने गोपियों के बारे में की।

(2) कृष्ण जी मित्रों के साथ किस समय गोपियों के घर में जा घुसे ?

(क) दोपहर के समय घर को सूना समझकर (ख) शाम को

(ग) रात में (घ) सुबह के समय

(3) कृष्ण जी ने मित्रों के लिए मक्खन किस प्रकार सींके से उतारा ?

(क) सीढ़ी लगाकर (ख) ऊखल पर चढ़कर

(ग) मेज पर चढ़कर (घ) दीवार पर चढ़कर

(4) गोपियाँ यशोदा माता को कृष्ण के बारे में क्या उलाहना देती हैं ?

(क) मक्खन तुमने खिलाया होगा

(ख) तुम्हारा कन्हैया मक्खन नहीं खाता

(ग) तुम कन्हैया को मक्खन खाने को नहीं देती

(घ) कृष्ण को तुम रोक कर नहीं रखतीं, लगता है तुमने ही अनोखे पूत को जन्म दिया है।

(5) दुपहर दिवस, ढूँढ़ि–ढँढ़ोरि, दूध–दही, सब सखनि, सूर स्याम में कौन–सा अलंकार है?

(क) श्लेष अलंकार (ख) अनुप्रास अलंकार

(ग) यमक अलंकार (घ) अतिश्योक्ति अलंकार

प्र0 10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2=2)

(1) सुदामा की पत्नी ने श्रीकृष्ण के लिए भेंट स्वरूप क्या दिया था ?

(क) सूखा मेवा (ख) तंदुल

(ग) मिठाई (घ) मिश्री

(2) द्वार पर खड़े दुर्बल ब्राह्मण की धोती कैसी थी ?

(क) पीतांबरी (ख) फटी–सी

(ग) रंगीन (घ) सफ़ेद

खण्ड 'ख' (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्र0 11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– (2X4=8)

(क) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस–किस के पास गई ? टोपी बनने तक के एक–एक कार्य को लिखिए।

(ख) साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की ?

(ग) हाइड्रोज़न और ऑक्सीज़न को पानी ने अपना पुरखा क्यों कहा ?

(घ) आपके विचार से अंग्रेज़ ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया ?

(ङ) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन–कौन–से बदलाव आए ?

प्र0 12 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– (2X3=6)

(क) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या–क्या सोचते जा रहे थे ?

(ख) 'चोरी की बान में हौ जू प्रवीने'– इस शिकायत के पीछे कौन–सी पौराणिक कथा है ?

(ग) बालक कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या–क्या सोच रहे थे ?

(घ) दूध की तुलना में कृष्ण कौन–सा खाद्य पदार्थ अधिक पसंद करते हैं ?

प्र0 13 पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए– (3X2=6)

(क) राजा राममोहनराय कौन थे ? उनके व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद लोगों की आशा निराशा में क्यों बदल गई ?

(ग) स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।

प्र0 14 निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 60 से 80 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए– (6X1=6)

(क) **भारत के गाँव–**

संकेत बिंदु–
गाँवों का स्वरूप, आज के गाँव व उनकी स्थिति, गाँव में सुधार के प्रयास, उपसंहार

(ख) **वृक्षारोपण–**

- **संकेत बिंदु–**
  भूमिका, वन महोत्सव, वृक्षों से लाभ, उपसंहार

(ग) **इंटरनेट का महत्त्व–**

संकेत बिंदु–
- विज्ञान का चमत्कार, अद्भुत क्रांति, विभिन्न जानकारी का स्रोत लाभ तथा हानि

प्र0 15 अपने ज़िले स्वास्थ्य अधिकारी को मुहल्ले की सफ़ाई के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

आप अपने मित्र के भाई के विवाह में सम्मिलित न हो सके, क्षमा–याचना करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्र0 16 फलवाले और ग्राहक के मध्य हुए बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **(4X1=4)**

आपके पैर में चोट लगी है। माँ द्वारा कारण पूछे जाने पर उनसे होने वाले संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

प्र0 17 आपके मामा जी ने चश्मे की दुकान खोली है। इसकी बिक्री बढ़ाने वाला एक विज्ञापन तैयार कीजिए

अथवा **(5X1=5)**

विमल दूध की एजेंसी वालों की तरफ से समाचार पत्र के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए

———**00**———